

प्रेमसन्स® ज्वैलर्स
GOLD | DIAMOND | SILVER
जीवनभर का विश्वास, हर जेवर के साथ
100% Hallmarked Jewellery


रेलवे रोड, रोहतक-124001 860-333-5000
Whatsapp पर GOLD लिखकर भेजिए और जाने सोने का भाव


**एएसआई संदीप आत्महत्या मामला:** शव पीजीआई शिफ्ट, सुबह होगा पोस्टमार्टम, 12 बजे जुलाना में अंतिम संस्कार

# उच्च स्तरीय जांच और एक सदस्य को नौकरी के आश्वासन के बाद माने परिजन

## पुलिस और जिला प्रशासन अलर्ट पर दिनभर परिवार को अंतिम संस्कार के लिए मनाया नहीं मानें

- *सीएम सैनी ने न्यायिक जांच का आश्वासन दिया तो अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुए परिजन*
- *आईपीएस पूरन की आईएएस पत्नी अमनीत, भाई विधायक मान और गनमैन सुशील समेत 4 पर केस*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

आईपीएस वाई पूरन कुमार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाकर आत्महत्या करने वाले साइबर सेल में तैनात एएसआई संदीप लाठर की आत्महत्या के बाद दो दिन से बने तनाव और



तकरार से बुधवार को उस समय राहत मिली जब सीएम नायब सिंह सैनी संदीप के घर पहुंचे और परिजनों से बातचीत कर न्यायिक जांच का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि मामले की पूरी जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी और परिवार को पूरा न्याय मिलेगा। किसी भी दोषी का बख्शा नहीं जाएगा। वहीं, दूसरी तरफ, परिजनों की मांग पर पुलिस ने आईपीएस वाई पूरन कुमार की आईएएस पत्नी अमनीत पी कुमार, उनके भाई आप विधायक अमित मान व आईपीएस के गनमैन रहे सुशील के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली। इसके बाद परिजन उसके पोस्टमार्टम और अंतिम संस्कार के लिए मान गए। देर रात करीब 10.30 बजे शव को रोहतक पीजीआई शिफ्ट कर दिया गया। सुबह शव का पोस्टमार्टम होगा। इसके बाद दोपहर करीब 12 जुलाना में उसका अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

**परिजनों को सांत्वना देते मुख्यमंत्री**



**शव को पीजीआई ले जाते हुए**



### दिनभर रही गहमा गहमी, सुरक्षा कड़ी

दिनभर संदीप के घर आने जाने वालों का तांता लगा रहा। गहमा-गहमी चलती रही। परिवार ने संदीप का शव रोहतक के लाढ़ौत गांव में मामा के घर पर रखा हुआ था। घर के बाहर भारी संख्या में ग्रामीण, समर्थक और राजनीतिक कार्यकर्ता जुटे रहे। मौके पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात है। परिजन न्यायिक जांच, दोषियों की गिरफ्तारी और संदीप को शहीद का दर्जा देने पर अड़े रहे। बाद में सीएम नायब सिंह सैनी के आश्वासन के बाद परिजन मान गए और शव को पीजीआई शिफ्ट कर दिया।



### यह है मामला

मंगलवार दोपहर करीब एक बजे संदीप लाठर ने लाढ़ौत गांव में अपने मामा के खेतों में बने कोठड़े की छत पर सर्विस रिवॉल्वर से खुद को गोली मार ली। गोली चलने की आवाज सुनकर खेत में काम कर रहे मजदूर जैलदार मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि मैं नहर के पास गया था, तभी गोली चलने की आवाज आई। जब पहुंचा तो देखा, संदीप ने खुद को गोली मार ली थी। घटना की सूचना तुरंत मामा बलवान देशवाल के बेटे अजीत को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सुसाइड नोट और मोबाइल फोन को कब्जे में लिया।

### सीएम सहित पहुंचे कई बड़े नेता

बुधवार सुबह मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वयं लाढ़ौत गांव पहुंचे। उनके साथ कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार और महिपाल ढांडा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने परिवार से मुलाकात कर संवेदनाएं व्यक्त कीं और निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया। वहीं, इनेलो नेता अभय चौटाला, इनेलो नेता सुनैना चौटाला, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा सहित विभिन्न सामाजिक संगठन पहुंचे है।

### ईमानदार अधिकारी थे संदीप

जुलाना के वार्ड नंबर 4 के मूल निवासी संदीप पिछले एक साल से रोहतक साइबर सेल में तैनात थे। वह पूर्व एसपी आईपीएस नरेंद्र बिजारणिया के विश्वसनीय अधिकारियों में गिने जाते थे। कांग्रेस कार्यकर्ता हिमानी मर्डर केस समेत कई बड़ी वारदातों को सुलझाने में उनकी अहम भूमिका रही थी। कई इनामी अपराधियों को गिरफ्तार करने का श्रेय भी उन्हें मिला था।

**मुख्यमंत्री ने विद्यार्थियों को दी डिग्रियां और मेडल**



बाबा मस्तनाथ विवि के दीक्षांत समारोह में बोले सीएम

# शिक्षा में सुधार और युवाओं को रोजगार देना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

- *1562 विद्यार्थियों को डिग्री बांटी तथा 183 को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में ऐसे सुधारों पर बल दे रही है, जिनसे युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी मिलें और वे समाज और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभा सकें। प्रदेश सरकार ने बिना पर्ची-खर्ची के अब तक 1.80 लाख युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी हैं और तीसरे कार्यकाल में 2 लाख नौकरियों का लक्ष्य रखा गया है। मुख्यमंत्री बुधवार को बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय, अस्थल बोहर के चौथे दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा और विवि के कुलाधिपति महंत बालक नाथ योगी भी उपस्थित रहे।

### 501 पीएचडी, 595 स्नातक और 466 पीजी को उपाधियां दी गईं

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के चौथे दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों के 5795 विद्यार्थी डिग्री के पात्र थे। इनमें से 1562 विद्यार्थियों ने डिग्री ग्रहण की, जबकि 183 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। समारोह में 501 पीएचडी, 595 स्नातक और 466 स्नातकोत्तर विद्यार्थियों को उपाधियां दी गईं। मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय की स्मारिका का विमोचन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

### 11 वर्षों में खुले 80 नए कॉलेज, 13 विवि और 15 नए बहुतकनीकी संस्थान

नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रदेश में कुल 80 नये राजकीय कॉलेज खोले गए, जिनमें से 30 लड़कियों के हैं। इस समय प्रदेश में महाविद्यालयों की संख्या बढ़कर 185 हो गई है। इसी तरह, 11 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश में 13 नये विश्वविद्यालय खुले हैं। वहीं, मेडिकल कॉलेजों की संख्या भी 6 से बढ़कर 17 हो गई है। अब इनमें एम.बी.बी.एस. की सीटों की संख्या 700 से बढ़कर 2,435 हो गई है। इसके अलावा, 15 नये सरकारी बहुतकनीकी संस्थान भी खोले गए हैं।

## डंडे से हमला करने वाला आरोपी सुनील गिरफ्तार, घायल की इलाज के दौरान मौत

रोहतक। कैसरेंटी निवासी दो युवकों पर डंडे से जानलेवा हमला करने के मामले में मुख्य आरोपी सुनील को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। यह मामला 2 अक्टूबर, 2025 का है जब सुनील ने अनिल और जोगेंद्र पर हमला किया था। घायल जोगेन्द्र की 13 अक्टूबर को इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले की गहन जांच अभी जारी है। सांपला थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेन्द्र सिंह ने बताया कि अनिल की शिकायत के आधार पर अभियोग दर्ज कर जांच शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अनिल अपने दोस्त जोगेन्द्र के साथ अटायल नहर पर बैठे थे। इसी दौरान सुनील अपनी गाड़ी में सवार होकर आया और दोनों से बहस करने लगा। सुनील ने गाड़ी में रखा डंडा निकाला और दोनों को पीटना शुरू कर दिया। जोगेन्द्र और अनिल ने बचाव किया, लेकिन सुनील ने अपने साथियों को बुला लिया और दोनों का रास्ता रोककर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। इस दौरान दोनों घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। हालांकि जोगेन्द्र की चोटें गंभीर थीं और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मामले की जांच उप.नि. अरविंद द्वारा अमल में लाई गई। पुलिस ने 14 अक्टूबर को आरोपी सुनील उर्फ शीला निवासी अटायल को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि आरोपी को कड़ी कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

## एमडीयू में आज ज्ञान के संप्रेषण एवं प्रसार पर राष्ट्रीय कार्यशाला

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 16 अक्टूबर को शिक्षकों के लिए 'भारतीय पारंपरिक ज्ञान के संप्रेषण एवं प्रसार' विषय पर राष्ट्रीय क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की जाएगी। यह कार्यशाला सीएसआईआर-राष्ट्रीय विज्ञान संचार एवं नीति अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा एसवीएएसटीआईके पहल और भारतीय राष्ट्रीय युवा विज्ञान अकादमी के रुसेटअप कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में प्रसिद्ध पर्यावरणविद और पद्म भूषण से सम्मानित डॉ. अनिल प्रकाश जोशी करेंगे।

## टोल मैनेजर की मौत के मामले में भैणी सुरजन में हुई पंचायत, महापंचायत आज



महम। दिल्ली जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर तैनात टोल मैनेजर समरजीत की 25 अगस्त को ड्यूटी के दौरान मौत हो गई थी। समरजीत महम उपमंडल के भैणीसुरजन गांव का निवासी था। टोल कंपनी ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया था कि कंपनी द्वारा परिवार की आर्थिक मदद की जाएगी। लेकिन अब टोल कंपनी के अधिकारी परिजनों का फोन भी नहीं उठा रहे। इससे परिजनों में कंपनी के प्रति रोष है। इस मुद्दे पर बुधवार को भैणीसुरजन गांव में ग्रामीणों की पंचायत हुई। इस पंचायत में निर्णय लिया गया कि वीरवार 16 अक्टूबर को भड़ताना टोल प्लाजा पर विभिन्न किसान संगठनों व खापों की महापंचायत आयोजित की जाएगी। ग्रामीणों ने बताया कि भैणी सुरजन निवासी समरजीत उर्फ सुमित सिवाच रक्षक सिक्योरिटी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में बतौर जनरल मैनेजर कार्यरत था। 25 अगस्त को दिल्ली जम्मू हाइवे पर पुट्ठी टोल पर ड्यूटी पर था, इस दौरान रात लगभग 11 बजे जामनी टोल से फोन आया कि कर्मचारी आपस में लड़ रहे हैं। जामनी टोल पर जाते समय उनकी गाड़ी रोड़ पर ग्रीन बैल्ट में जा गिरी। लेकिन किसी भी टोल कर्मचारी ने उनकी तलाश नहीं की।

**सख्ती** न्यायालय के फैसले को उच्चस्थ अदालत में दी जाएगी चुनौती

# अब एमडीयू परिसर में छात्र नेता प्रदीप नहीं कर पाएंगे विरोध-प्रदर्शन की अगुवाई, कोर्ट की रोक

- प्रदीप बोले, छात्र अधिकारों के लिए मैं सुप्रीम कोर्ट तक लड़ाई लड़ने को तैयार

अमरजीत एस गिल ▶▶| रोहतक

छात्र नेता प्रदीप मोटा के अगुवाई में अब महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के छात्र अपनी मांगों को लेकर यूनिवर्सिटी परिसर में विरोध-प्रदर्शन नहीं कर पाएंगे। ये फैसला बुधवार को दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सिविल जज सीनियर डिविजन की अदालत ने दिया है। कोर्ट ने छात्र नेता प्रदीप की अगुवाई में विरोध-प्रदर्शनों पर यूनिवर्सिटी की बाउंड्री से 100 मीटर बाहर तक प्रतिबंध लगा दिया है। ध्यान रहे कि यूनिवर्सिटी ने प्रदीप मोटा, कपिल फौजी और हिमांशु देशवाल को लेकर कोर्ट से अपील की थी कि आए दिन होने वाले विरोध-प्रदर्शनों को लेकर यूनिवर्सिटी का माहौल पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। प्रदीप बुधवार को न्यायालय में पेश हुए, जबकि कपिल फौजी ओर हिमांशु देशवाल ने कोर्ट के समन रिसिव नहीं किए थे।



### प्रधान अनिल मल्होत्रा भी कर चुके मांग

विश्वविद्यालय की इस कार्रवाई से छात्रों की भौहें तन गई और प्रशासनिक कार्यप्रणाली को लेकर सवाल खड़े करने लगे। ये तक दावे करने शुरू कर दिए कि कहां-कहां किस-किस गांव में कैसे वित्तीय गड़बड़ियां की गई हैं। फिजूल खर्ची को कर भी विद्यार्थियों ने कई सवाल खड़े किए। फिर क्या था इसी दरमियान 19 सितंबर दोपहर को छात्र विरोध प्रदर्शन करते हुए वीसी आवास पर पहुंच गए। आवास में जबरन घुसे गए। छात्रों के सवाल हैं कि वीसी आवास पर गमले तैयार करके उनमें पौधे लगाकर कहां भेजे जाते रहे हैं, इसकी जांच हो। क्या कुलपति आवास पर गमले बनाकर यूनिवर्सिटी से बाहर भेजे जा सकते हैं। गमलों का निर्माण काफी लंबे समय से हो रहा है, ये सवाल गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के प्रधान अनिल मल्होत्रा ने शिक्षक संघ कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में खड़ा किया था।

### ये वजह है छात्रों की तनातनी की

जो छात्र एक महीने से वीसी आवास की गमला निर्माण यूनिट और दूसरे मुद्दों को लेकर अब आंदोलन कर रहे हैं, वे इससे पहले साढ़े छह साल तक यूनिवर्सिटी प्रशासन के काफी चेहते थे। इतने चेहते थे कि फैकल्टी हाउस प्रबंधन इनके स्वागत के लिए चौबीस घंटे तैयार रहता था, लेकिन जब मामला बिगड़ता है तो फिर देर भी नहीं लगती। गत सितंबर में शहीदी भगत सिंह छात्र मोर्चा यूनिवर्सिटी में शहीदों की याद में एक कार्यक्रम करना चाहता था। इसके लिए मोर्चा ने यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अनुरोध किया कि उन्हें वेन्यू उपलब्ध कराया जाए। लेकिन यूनिवर्सिटी ने कई शर्तें लगा दी। यहां तक की वेन्यू अलॉट किया जाए या नहीं, इस काम के लिए यूनिवर्सिटी ने कमेटी तक बना दी।

### हम फैसले को चुनौती देंगे

छात्र अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। अगर हम अपने शिक्षण संस्थान के परिसर में भी विरोध नहीं जताएंगे तो और कहां जाकर अपना पक्ष रखेंगे। कोर्ट के इस फैसले को उच्चस्थ न्यायालय में अपने वकील के माध्यम से चुनौती दी जाएगी। **-प्रदीप मोटा**, छात्र नेता महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक


WE CARE MULTISPECIALITY HOSPITAL | VENKATESHWAR HOSPITAL

वेंकटेश्वर हॉस्पिटल, नई दिल्ली
एवं
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी, हॉस्पिटल, रोहतक, हरियाणा
के सौजन्य से
सुपर स्पेशलिटी ओ.पी.डी.

मेडिकल ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 17 अक्टूबर, 2025 हर महीने के पहले एवं तीसरे शुक्रवार को

किडनी रोग एवं किडनी ट्रांसप्लांट — 24 अक्टूबर, 2025 हर महीने के दूसरे एवं चौथे शुक्रवार को

रेडिएशन ऑन्कोलॉजी (कैंसर) — 27 अक्टूबर, 2025 हर महीने के दूसरे एवं चौथे सोमवार को

सुबह 10:30 बजे से दोपहर के 01:30 बजे तक
वी केयर मल्टी-स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, सोनीपत रोड, विकास नगर, रोहतक, हरियाणा -124001

वेंकटेश्वर हॉस्पिटल सभी TPAs | Insurance | CGHS | ECHS | CAPF के पैनल पर हैं

7290072988, 7404347360/61 | Sector 18A, Dwarka www.venkateshwarhospitals.com



होम क्लीनिंग या घरेलू काम के दौरान पानी और डिटर्जेंट के संपर्क में ज्यादा रहने से पेरोनाइकिया इंफेक्शन होने का रिस्क रहता है। इसकी क्या वजहें हैं, इसके लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में बता रहे हैं विस्तार से।

## होम क्लीनिंग के दौरान ना बरतें लापरवाही

**प्रिकॉशन**

शिखर चंद जैन



दीपावली से पहले हर घर में साफ-सफाई, बरतन, कपड़े आदि धोने के लिए बार-बार पानी का इस्तेमाल करना पड़ता है। इस कारण हाथ या पैर की अंगुलियों में फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन होने का खतरा उत्पन्न हो जाता है। इस इंफेक्शन के कारण होने वाला रोग है पेरोनाइकिया। चूंकि होम क्लीनिंग के काम ज्यादातर महिलाएं करती हैं, इसलिए इससे महिलाओं के इंफेक्टेड होने की आशंका अधिक होती है।

**क्या है पेरोनाइकिया:** पेरोनाइकिया या पेरोनिसिया त्वचा का इंफेक्शन है, जो नाखूनों के चारों तरफ होता है। इस इंफेक्शन का कारण बैक्टीरिया या यीस्ट का एक प्रकार (जिसे कैंडिडा कहा जाता है) है। यह इंफेक्शन बैक्टीरिया और यीस्ट के मेल से भी होता है।

**पेरोनाइकिया के प्रकार:** यह मूल रूप से दो प्रकार का होता है।





**एक्यूट पेरोनिसिया:** इस तरह के पेरोनिसिया एकदम से होता है और लंबे समय तक रहता है, खासतौर पर यह अंगुलियों में होता है।

**क्रॉनिक पेरोनिसिया:** क्रॉनिक पेरोनिसिया, अंगुलियों और अंगूठे दोनों में हो सकता है। यह या तो जल्दी ठीक नहीं होता या होकर फिर हो जाता है।

**रोग का कारण:** इस समस्या के कई कारण हो सकते हैं। इस समस्या का एक कारण अपने नाखूनों को काटना या चबाना है लेकिन अधिकतर यह समस्या गीले में यानी पानी के संपर्क में अधिक समय रहने या केमिकल की उपस्थिति में काम करने के कारण होती है। पानी, डिटर्जेंट, साबुन, सोडा, तेल, मसाला और इरिटेंट चीजों के संपर्क में ज्यादा समय तक रहने पर हाथ, पैर की अंगुली के नाखून के पास क्युटिकल का धीरे धीरे क्षरण हो जाता है। कभी-कभी पूरा क्युटिकल समाप्त हो जाता है। क्युटिकल किरेटिन नामक प्रोटीन की एक सीलिंग होती है। यह नेल प्लेट और नेल फोल्ड के अग्रभाग को जोड़ता है। यह नाखून की जड़ों में किसी भी हानिकारक केमिकल, बैक्टीरिया, अवयव आदि को जाने से रोकता है। इसके क्षरण से केमिकल, बैक्टीरिया, फंगस आदि जमा होने लगते हैं। इससे त्वचा लाल होकर सूज जाती है। कई बार वहां मवाद भी भर जाता है। इसे पेरोनाइकिअस एब्सेस कहते हैं। इसके बढ़ जाने पर पायोजेनिक ग्रेनुलोमा होता है। इन कारणों से कभी हल्का तो कभी तेज दर्द होता है।

**डायबिटिक पेशेंट को ज्यादा खतरा:** डायबिटीज रोगियों मे यह समस्या सेलुलाइटिस का रूप ले सकती है। यह समस्या स्टेफाइलोकोकस और कोरिनेफॉर्म बैक्टीरिया और कैंडाइडा फंगस के कारण होती है। अंगुली के बीच में पानी लगने के कारण केंडिडा फंगस के कारण ही अंगुलियों के बीच में लाल सफ़ेद चकत्ते हो जाते हैं। इसमें तेज खुजली भी होती है।

**सावधानी है जरूरी:** इस समस्या से बचने के लिए आप यहां बताई जा रही सावधानियां बरत सकते हैं।

- ज्यादा पानी के संपर्क में ना रहें।
- कपड़ा धोने और बरतन धोने के लिए दस्तानों का प्रयोग करें।
- शुरू में ही नेल क्युटिकल डैमेज को पहचान कर एंटी फंगल और एंटीबायोटिक क्रीम का उपयोग करें।
- नाखून मजबूत करने के लिए बायोटीन पोषक तत्व वाले फूड्स का सेवन करें।

**ट्रीटमेंट:** ऐसे इंफेक्शन के मामलों में डॉक्टर ओफ्लॉक्सासिन, ओरनीडाजॉल, एमॉक्सीक्लेम आदि एंटीबायोटिक दवाएं खाने के लिए देते हैं। ओरल एंटी-फंगल जैसे इंट्राकोनाजॉल, फ्लूकोनाजॉल आदि भी दी जाती है। इसके साथ ही एंटीबायोटिक और एंटी फंगल क्रीम भी दे सकते हैं। कोई भी दवा डॉक्टर की सलाह से ही सेवन करें। *

**(त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. किंशुक सामंत से बातचीत पर आधारित)**

---

दीपावली स्पेशल

**अवेयरनेस**

बच्चे, युवा हों या बुजुर्ग सभी दीपावली पूरे उत्साह से सेलिब्रेट करते हैं। लेकिन सेलिब्रेशन के साथ अपनी सुरक्षा और हेल्थ केयर के बारे में कॉन्शस रहना जरूरी है। ऐसा न करने से आपको चोट लग सकती है या आपकी हेल्थ बिगड़ सकती है। खासतौर पर बच्चे और बुजुर्गों की हेल्थ को लेकर अधिक अवेयर रहना चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स आपको दे रहे हैं कुछ यूजफुल सजेशंस।

## दीपावली जरूर करें सेलिब्रेट हेल्थ की भी करें प्रॉपर केयर







दीपावली का त्योहार खुशियों और रोशनी का प्रतीक है। घरों में मिठाइयों और पटाखों की रौनक हर उम्र के लोगों को उत्साह से भर देती है। लेकिन इस दौरान पटाखों से होने वाले धुएं और ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ सकता है। इसलिए दीपावली में सुरक्षा और स्वास्थ्य का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना उत्सव का आनंद लेना। खासतौर पर बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए।

### स्किन-आइज की सुरक्षा

दीपावली में की जाने वाली आतिशबाजी से स्किन और आइज की सुरक्षा कैसे करें, इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-डर्मेटोलॉजी, **डॉ. संदीप अरोड़ा** कहते हैं, 'दीपावली पर फुलझड़ियों, रॉकेट, चकरी और अनार जैसी तमाम आतिशबाजियों से निकलने वाला धुआं, तेज चमक और उच्च ताप बच्चों और बुजुर्गों की आंखों और त्वचा दोनों के लिए हानिकारक हो सकता है। छोटे बच्चों की आंखें नाजुक होती हैं और बुजुर्गों की आंखें उम्र के साथ संवेदनशील हो जाती हैं, इसलिए इस दौरान विशेष सावधानी रखना बेहद जरूरी है। बच्चों को पटाखे जलाते समय सुरक्षात्मक चश्मा पहनने को कहें। जब वे पटाखे जलाएं या आतिशबाज़ी देख रहे हों तो इसमें लापरवाही ना बरतें, इसके लिए पैरेंट्स उनके साथ रहें। बुजुर्गों को भी धुएं और तेज रोशनी आवाज वाले क्षेत्रों से दूर रहने को कहें। अगर किसी की आंखों में धुआं, धूल या पटाखों की चमक से जलन, खुजली या लालिमा हो जाए तो तुरंत ठंडे पानी से आंखों को धोएं और लगातार समस्या बनी रहने पर डॉक्टर से संपर्क करें। इसके



साथ ही, पटाखों और धुएं से निकलने वाली गर्मी और रसायन बच्चों और बुजुर्गों की त्वचा को प्रभावित कर सकते हैं। खासकर अधजले हुए पटाखों के संपर्क में आने से जलन, लालिमा या सूखापन हो सकता है। इसलिए हाथों और खुले हिस्सों पर हल्का मॉयश्चराइज़र या हैंड क्रीम लगाना जरूरी है। पटाखे जलाने के बाद हाथों और चेहरे को अच्छे से धोना न भूलें। यदि त्वचा में लालिमा, खुजली या जलन बनी रहे तो तुरंत ठंडे पानी से साफ करें और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर की सलाह लें। इस तरह सावधानी बरतकर बच्चों और बुजुर्गों की आंखें और स्किन सुरक्षित रहेंगे और दीपावली का उत्सव बिना किसी स्वास्थ्य जोखिम के मनाया जा सकता है।'

### वायु प्रदूषण से करें बचाव

दीपावली पर पटाखों से निकलने वाला धुआं न केवल वातावरण में प्रदूषण बढ़ाता है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों की सांस की सेहत पर भी असर डाल सकता है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, कानपुर में सीनियर कंसल्टेंट-पल्मोनोलॉजी, **डॉ. संदीप कटियार** कहते हैं, 'छोटे बच्चों की फेफड़ों की क्षमता अभी पूरी तरह विकसित नहीं होती और बुजुर्गों के फेफड़े उम्र के साथ कमजोर हो सकते हैं। इसलिए इन दोनों को विशेष सावधानी बरतना जरूरी है। घर में हमेशा खिड़कियां और दरवाजे बंद रखें ताकि बाहर का धुआं अंदर न आए और घर के अंदर के वायु प्रदूषण को कम किया जा सके। अगर बाहर जाना अनिवार्य हो तो मास्क पहनना बेहद जरूरी है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों के लिए, ताकि हवा में मौजूद हानिकारक कण फेफड़ों में न जाएं। इसके साथ ही, दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीना चाहिए। भोजन हल्का और पचने वाला होना चाहिए, जैसे दलिया, खिचड़ी, सलाद और फल, ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे और पाचन बेहतर हो। इस तरह की सावधानी से दीपावली के उत्सव का आनंद लेने के साथ-साथ सांस और फेफड़ों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जा सकती है।'

### खान-पान और हाइड्रेशन

दीपावली में मिठाइयों और तली-भुनी चीजों का ज्यादा सेवन पाचन और शुगर लेवल को प्रभावित कर सकता है। इसलिए डाइट को लेकर कॉन्शस रहना जरूरी है। इस बारे में अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, जयपुर में कंसलटेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. रोहित शर्मा** सलाह देते हैं, 'बच्चों को कम मात्रा में मिठाई दें और तली-भुनी चीजों के बजाय भुने चने, मखाने या ड्राय फ्रूट्स खिलाएं। बुजुर्गों को भी सीमित मात्रा में मीठे और तले भुने व्यंजन खाने चाहिए। उनके लिए हल्का भोजन जैसे दाल, खिचड़ी, सलाद और फल बेहतर विकल्प हैं। उनके लिए दिनभर में 6-8 गिलास पानी पीना और नींद पूरी करना भी जरूरी है।'

### इनका भी रखें ध्यान

दीपावली पर बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देना बेहद जरूरी है। बच्चों को पटाखे जलाते समय सावधान रहने को कहें और हमेशा सुरक्षित दूरी पर रहें, इसके लिए पैरेंट्स एलर्ट रहें। बुजुर्गों को भीड़ और धुएं वाले इलाकों से दूर रहने को कहें। पटाखों और धुएं वाले क्षेत्र में संयम रखना जरूरी है ताकि कोई दुर्घटना या स्वास्थ्य



समस्या न उत्पन्न हो। किसी भी आकस्मिक चोट या जलन से निपटने के लिए घर में हमेशा फर्स्ट-एड किट, ठंडा पानी और बर्फ के पैक रखना चाहिए। अगर किसी को पटाखों या धुएं से जलन, या हल्की चोट लग जाए तो तुरंत गुनगुने पानी से प्रभावित हिस्से को धोएं और जरूरत पड़ने पर डॉक्टर से संपर्क करें। बच्चों को किसी भी स्थिति में डॉक्टर की सलाह के बिना दवा न दें, क्योंकि गलत दवा गंभीर परेशानी पैदा कर सकती है।

दीपावली का असली मजा तभी है, जब रोशनी के साथ सेहत भी बनी रहे। बच्चों और बुजुर्गों की आंखों और फेफड़ों की सुरक्षा, स्किन का ख्याल और संतुलित खान-पान का ध्यान रखना उतना ही जरूरी है, जितना पटाखों और मिठाइयों का आनंद लेना। सावधान रहें-सुरक्षित दीपावली मनाएं। *

**प्रस्तुति: सेहत फीचर्स**

### पटाखे जलाते समय रहें सावधान



**पटाखे दीपावली** का अहम हिस्सा हैं और हर उम्र के लोग इनका आनंद उठाते हैं। लेकिन इन्हें जलाते समय कुछ सुरक्षा नियमों का पालन करना बेहद जरूरी है। बच्चों को कभी भी अकेले पटाखे जलाने न दें और हमेशा जिम्मेदार वयस्क की निगरानी में आतिशबाजी करने को कहें ताकि कोई दुर्घटना या चोट न लगे। फर्स्ट एड किट रेडी रखें। आतिशबाज़ियों को हमेशा खुली जगह और सुरक्षित दूरी पर जलाएं, ताकि आस-पास मौजूद लोग, बच्चे या घर के सामान सुरक्षित रहें। जलते पटाखों को हाथ में सीधे न पकड़ें और उन्हें कभी भी किसी सूखी घास, लकड़ी या ज्वलनशील वस्तु के पास न जलाएं, क्योंकि इससे आग लगने का गंभीर खतरा हो सकता है। बुजुर्गों और छोटे बच्चों को धुएं के सीधे संपर्क से बचाना बहुत जरूरी है, क्योंकि पटाखों का धुआं सांस की तकलीफ, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं को बढ़ा सकता है। इसके अलावा, पटाखे जलाने के बाद जले हुए अवशेषों को तुरंत साफ कर देना चाहिए ताकि कोई गलती से उन पर पैर न रख दे या आग न लग जाए। इन सावधानियों का पालन करने से न केवल दीपावली का उत्सव सुरक्षित और आनंदमय बनता है, बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य का भी पूरा ध्यान रखा जा सकता है।

---

**डॉक्टर्स एडवाइस**



डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया, दिल्ली

स्पेशल: स्पाइन-डे, 16 अक्टूबर

हमारे शरीर का पूरा ढांचा रीढ़ की हड्डी यानी स्पाइन पर टिका होता है। लेकिन हाल के वर्षों में स्पाइन प्रॉब्लम्स के मामले बहुत तेजी से बढ़े हैं। इसकी वजहें, इसके रोगों के प्रकार, इनके लक्षण, उपचार और बचाव के तरीकों के बारे में यहां जानिए विस्तार से।

## स्पाइन हेल्थ के लिए लाइफस्टाइल रखें सही



रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की समस्याओं के तमाम कारण हो सकते हैं, लेकिन अस्वास्थ्यकर जीवनशैली भी स्पाइन संबंधी समस्या का एक प्रमुख कारण है। दिनों-दिन रीढ़ से संबंधित समस्याएं दुनिया भर में बढ़ती जा रही हैं और भारत भी इसका अपवाद नहीं है। सच तो यह है कि रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) पर हमारे शरीर की बुनियाद खड़ी होती है। स्पाइन के तीन प्रमुख भाग हैं। पहला, सर्वाइकल (गर्दन), दूसरा थोरेसिक (छाती) और लंबर (कमर का निचला भाग)। स्पाइन में स्थित तंत्रिकाएं (नर्व) दिमाग से संपूर्ण शरीर तक संदेश पहुंचाती हैं। बावजूद इसके, आमतौर पर लोग स्पाइन के स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं देते।

**स्पाइन प्रॉब्लम्स के लक्षण:** कमर में दर्द और जकड़न महसूस करना। अधिकतर मामलों में यह दर्द कमर के निचले हिस्से यानी लंबर में ज्यादा होता है। गर्दन में जकड़न या दर्द। अनेक लोगों में कमर और गर्दन से संबंधित दर्द दिन की बजाय रात में ज्यादा होता है। कुछ लोग दर्द की समस्या कमर से लेकर कूल्हों तक महसूस करते हैं। अनेक लोगों में व्यायाम करने के बाद या फिर चलने-फिरने की स्थिति में कमर व गर्दन दर्द की समस्या बढ़ जाती है।

**समस्याओं के कारण:** अस्वास्थ्यकर जीवनशैली, जिसके अंतर्गत व्यायाम न करना, मोटापा और गलत खान-पान आदि कई कारण शुमार हैं। इन दिनों स्पाइन संबंधी समस्याओं का एक प्रमुख कारण है गलत पोस्चर्स में बैठना, लेटना। आमतौर पर लोग लैपटॉप या कंप्यूटर पर कार्य करते समय या टेलीविजन देखते वक्त रीढ़ की हड्डी को नेचुरल कर्व में नहीं रखते। एक उम्र के बाद हड्डियों में क्षरण प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति का चलना-फिरना और उसकी सक्रियता कम होने लगती है। दिनों-दिन बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं और आनुवंशिक कारण भी हो सकते हैं।

**साइटिका या सियाटिका:** रीढ़ की हड्डी की यह समस्या शरीर की सबसे लंबी नस (नर्व), साइटिक से संबंधित है। साइटिका से संबंधित दर्द कमर के निचले हिस्से से शुरू होकर पैरों तक उतर जाता है। यह दर्द आमतौर पर मरीज के शरीर के एक तरफ वाले भाग जैसे बाएं भाग या दाहिने भाग को प्रभावित करता है। बेशक साइटिका का दर्द दूर हो सकता है। इसे दवाओं के अलावा बर्फ से सिंकाई करने, गर्म सेंक, स्ट्रेचिंग और फिजियोथेरेपी आदि से दूर किया जा सकता है। जब इन सब से मरीज को राहत नहीं मिलती तब सर्जरी का सहारा लिया जाता है।

**स्पाइनल कॉर्ड इंजरी:** जब किसी चोट, आघात या दुर्घटना के कारण 'स्पाइनल कैनाल' में स्थित नसों और कोशिकाओं को नुकसान पहुंचता है तो इसे स्पाइनल कॉर्ड इंजरी कहा जाता है।

**स्पाइनल अर्थराइटिस:** इस प्रकार के स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस में कार्टिलेज को नुकसान पहुंचता है, जिसके कारण प्रभावित वर्टिब्रा, स्पाइन की अन्य वर्टिब्रा के संपर्क में आती है। नतीजतन, पीड़ित व्यक्ति को दर्द महसूस होता है।

**हर्निएटेड डिस्क:** प्रत्येक वर्टिब्रा के बीच डिस्क होती है, जिसके कारण एक वर्टिब्रा दूसरी से आपस में टकराती नहीं है। बावजूद इसके, कुछ कारणो से डिस्क पर प्रभाव पड़ता है और बहुत ज्यादा दबाव पड़ने पर डिस्क क्षतिग्रस्त हो सकती है। इसके कारण रीढ़ की हड्डी में दर्द उत्पन्न होता है।

**स्पाइनल स्टेनोसिस:** जब रीढ़ की हड्डी में मौजूद नसों की जगह सिकुड़ जाती है, तब इस स्थिति में नसों पर दबाव पड़ता है। इसके परिणामस्वरूप मरीज को दर्द, सुन्नता, झुनझुनी, हाथ व पैरों में कमजोरी आदि का एहसास होता है।

**स्कोलियोसिस:** इस समस्या में रीढ़ की हड्डी की बनावट में बदलाव आ जाता है। आमतौर पर बच्चों पर इसका प्रभाव ज्यादा पड़ता है।

**एंकिलोसिंग स्पॉन्डिलाइटिस:** इस समस्या में कमर के निचले भाग और कूल्हों की तरफ दर्द महसूस होता है। इसके अलावा यह दर्द शरीर के अन्य भागों में भी फैल सकता है।

इन समस्याओं से बचने के लिए यहां बताई जा रही बातें मददगार हो सकती हैं।

**संतुलित-पौष्टिक खाना:** हरी पत्तेदार सब्जियों को अपने आहार में वरीयता दें। पत्तेदार सब्जियों में विटामिंस और मैग्नीशियम पर्याप्त मात्रा में पाए जाते हैं, जिनसे आपकी रीढ़ की हड्डी के समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत होती हैं और रीढ़ की हड्डियां सशक्त बनी रहती हैं। जंक फूड्स और अत्यधिक चिकनाई युक्त खाद्य पदार्थ रीढ़ की सेहत के लिए नुकसानदेह हैं।

**डेयरी उत्पादों का सेवन:** अपने खान-पान में दूध, दही, पनीर, बटर, छाछ आदि को शामिल करें। दूध और इससे निर्मित उत्पादों में कैल्शियम पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है, जो रीढ़ को मजबूत रखने में सहायक हैं। इसके अलावा खट्टे फल, बींस, नट्स और ड्राई फ्रूट्स का सेवन करें।

**फिश ऑयल:** फिश ऑयल ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर होता है, जो आपकी रीढ़ और इससे संबंधित नाड़ियों (नर्व) को शक्ति प्रदान करता है और इसके साथ ही यह विटामिन-डी का भी अच्छा स्रोत है।

**जरूरी है योग-व्यायाम:** विभिन्न प्रकार के व्यायामों से स्पाइन में लचीलापन बना रहता और इनके समीप स्थित मांसपेशियां मजबूत रहती हैं। अपनी उम्र और शारीरिक क्षमता के अनुसार व्यायाम करें। इस क्रम में फिटनेस एक्सपर्ट से परामर्श लें। अपनी क्षमता के अनुसार नियमित रूप से टहलें, साइकिल चलाएं, स्ट्रेचिंग एक्सरसाइज करें और तैराकी भी कर सकते हैं। योगासन भी रीढ़ की हड्डी को लचीला और सशक्त बनाने में मदद करते हैं, किंतु इनकी शुरूआत किसी योग विशेषज्ञ के परामर्श से ही करें।

ऐसी समस्याओं से बचने के लिए कुछ और बातों पर गौर करें।

- ज्यादा समय तक सीधा खड़े रहने का प्रयास करें।
- अगर आपकी डेस्क जॉब है तो थोड़ी देर के बाद उठकर आस-पास टहल लें।
- बैठने के दौरान पीठ को सहारा दीजिए और पीठ के पीछे गद्दी रखें।
- देर तक सोफे पर या किसी अन्य फर्नीचर पर झुककर बैठने से बचें।
- खड़े होते समय कंधे झुके हुए न रहें, इन्हें सीधा रखें। गर्दन सीधी हो और सिर सीधा सामने की ओर रहे। ऐसी स्थिति में रीढ़ की हड्डी पर खिंचाव और दबाव नहीं पड़ता है। *

**प्रस्तुति: विवेक शुक्ला**

---

अधिकांश लोग सुबह के समय सबसे पहले चाय या कॉफी पीते हैं। लेकिन यह नुकसानदेय होता है। इसके बजाय अगर आप सुबह सबसे पहले पानी पिएं तो दिन भर फ्रेश-एनर्जेटिक रहेंगे।

## सुबह सबसे पहले पिएं पानी आप रहेंगे फ्रेश-एनर्जेटिक

**हेल्थ सजेशन**

राजकुमार 'दिनकर'



अगर आप भी उन लोगों में शामिल हैं, जो सुबह सबसे पहले उठकर ब्रश करके चाय या कॉफी पीते हैं, तो सावधान हो जाना चाहिए, क्योंकि विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि सुबह-सुबह खाली पेट सीधे चाय या कॉफी पीना बेहद नुकसानदेय साबित हो सकता है। कैफीनयुक्त इन दोनों चीजों से पेट में एसिडिटी होती है और रात सोने से लेकर सुबह उठने तक लगातार कई घंटे पानी न पीने के कारण हमें जो डिहाइड्रेशन की समस्या होती है, वह और ज्यादा बढ़ जाती है। इसलिए आहार विशेषज्ञ सुबह उठते ही सबसे पहले गर्म पानी पीने की सलाह देते हैं। दरअसल, रात में हमारे शरीर में होने वाली आंतरिक प्रक्रियाओं में पानी की खपत ज्यादा होती है। यदि रात में हम कई बार उठकर यूरिन के लिए जाते हैं, तो उस समय भी शरीर को पानी की जरूरत होती है। इसलिए सुबह-सुबह सबसे पहले पानी ही पीना चाहिए। इससे शरीर को डी टॉक्सिफाइ तो कर ही सकते हैं। पानी की कमी को भी पूरा कर सकते हैं।

**कितना पिएं पानी:** अब सवाल पैदा होता है कि हमें सुबह के समय कितना पानी पीना चाहिए? यह पूरी तरह से किसी की पानी पीने की आदत पर निर्भर करता है कि सुबह के समय उसे पानी पीना कितना अच्छा लगता है। यदि एक गिलास पानी से वह संतुष्ट हो जाता है, तो उसके लिए उतना ही पर्याप्त है। वैसे भी सुबह के समय 200 से 300 मिलीलीटर पानी, हमारी शरीर की जरूरत को पूरा करता है। यह सुबह के समय फ्रेश होने में मदद करता है।

**पानी कैसा हो:** कुछ लोगों को सुबह के समय गर्म पानी अच्छा नहीं लगता, तो कुछ लोगों को मटके के पानी का स्वाद बुरा लगता है। बहरहाल, पानी चाहे मिट्टी के बर्तन में रखें या तांबे के बर्तन में। लेकिन



हां, ब्लड प्रेशर के रोगियों को तांबे के बर्तन में रखा पानी नहीं पीना चाहिए। आप ये विकल्प आजमा सकते हैं। किसी को सादा पीना अच्छा लगता है, तो किसी को नीबू या फिर लेमन ग्रास डालकर या किसी को शहद वाला पानी पीना अच्छा लगता है। कुछ लोग इसमें रात में दालचीनी डालकर भी सुबह उसे छानकर पीते हैं। तो कुछ मेथी दाना भिगोकर उसका पानी पीते हैं। बहरहाल, अगर किसी को लीवर की परेशानी है तो गुनगुने पानी में आधा चम्मच हल्दी मिलाकर भी पीया जा सकता है।

**पानी गर्म हो या ठंडा:** सर्दी के मौसम में ज्यादा ठंडा पानी पीना नुकसानदेय हो सकता है। अगर सूर्योदय के समय से पहले पानी पी रहे हैं तो गुनगुने पानी में नीबू मिलाकर पीया जा सकता है। सूर्योदय के बाद पी रहे हैं तो सिर्फ गुनगुना पानी ही पीना चाहिए। इस मौसम में अदरक गले की खराश को मिटाती है। इसलिए अदरक और तुलसी की पत्तियों को उबालकर बने गुनगुने पानी को पीने से फायदा होता है। गर्मी के मौसम में कमरे के तापमान पर रखा पानी या फिर घड़े का पानी सही रहता है। आप चाहें तो पानी में 8-10 हरे धनिया के पत्ते, जीरा, दालचीनी, छोटी इलायची, अदरक इनमें से किसी एक को मिलाकर या पानी में उबालकर गुनगुना पानी पीएं। ऐसे पानी को पीने से आपकी कब्ज की शिकायत भी दूर होती है। *

## खबर संक्षेप

### पटेल जयंती पर भाजपा निकालेगी यूनिटी मार्च

**रोहतक।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में सरदार150 यूनिटी मार्च निकालेगी। 31 अक्तूबर से 25 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान के तहत हर जिले में पदयात्राएं, सफाई अभियान, शैक्षणिक प्रतियोगिताएं और सेवा कार्य आयोजित किए जाएंगे।

### वैश्य कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर हुई प्रतियोगिता

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में रोड सेफ्टी क्लब के तत्वावधान में तथा ट्रैफिक पुलिस थाना के संयुक्त सहयोग से सड़क सुरक्षा विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना था। महाविद्यालय के विभिन्न संकायों से विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा से जुड़े अपने ज्ञान और समझ का प्रदर्शन किया।

### बाल दिवस पर प्रतियोगिताएं 17 तक होंगी आयोजित

**रोहतक।** हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की रोहतक शाखा द्वारा बाल भवन में बाल दिवस प्रतियोगिताओं का बुधवार को शुभारंभ हुआ। उपायुक्त सचिन गुप्ता के मार्गदर्शन में यह प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जा रही है, जो 17 अक्तूबर तक जारी रहेंगी। जिला बाल कल्याण अधिकारी सोमदत्त खुंडिया ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया। प्रतियोगिताओं के नोडल अधिकारी अशोक कुमार शर्मा के साथ जानकारी देते हुए बताया कि चार दिनों में लगभग 42 प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

### बाल अधिकार आयोग की सदस्य ने किया दौरा

**रोहतक।** हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग से मांगे राम द्वारा जिला में स्थित सिरतार, अर्पण व श्रवण संस्थाओं का दौरा किया गया। इन सभी संस्थाओं में दिव्यांग व विशेष श्रेणी के बच्चे रह रहे हैं। आयोग के सदस्य द्वारा संस्थानों में रह रहे बच्चों की सुख सुविधाओ को जांचा गया। आयोग के सदस्य ने संस्था में कार्य कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों के कार्य की सराहना की और उत्साह से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# एमडीयू-सीपीएएस गुरुग्राम ने एनसीसी कैंप में रचा इतिहास

■ जीते 43 से अधिक पदक, बना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला संस्थान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एप्लाइड स्टडीज़ (एमडीयू-सीपीएएस), सेक्टर-40, गुरुग्राम में एनसीसी कैडेट्स के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर प्रदीप के अहलावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एनसीसी कैडेट्स को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए।

एनसीसी सीटीओ डॉ. स्नेहलता ने बताया कि एमडीयू-सीपीएएस, सेक्टर-40, गुरुग्राम के 4 हरियाणा (गर्ल्स) बटालियन एनसीसी की कैडेट्स ने फरीदाबाद में आयोजित एनुअल ट्रेनिंग कैंप (एटीसी-159) में शानदार प्रदर्शन करते हुए 43 से अधिक पदक और ट्रॉफियां जीतकर संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। कैडेट्स ने एंकरिंग, फायरिंग, रस्साकशी, रेस, खो-खो, पायलटिंग, गार्ड ऑफ ऑनर, आईटी विभाग और सजावट जैसी विभिन्न गतिविधियों में असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया। एमडीयू-सीपीएएस ने सभी प्रतिभागी संस्थानों में सर्वाधिक पदक जीतकर 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाला संस्थान' बनने का गौरव प्राप्त किया।

**मुख्य उपलब्धिया इस प्रकार रहीं**

### गार्ड ऑफ ऑनर में 7 स्वर्ण, पायलटिंग में 4 स्वर्ण, एंकरिंग में 2 स्वर्ण जीतकर किया नाम रोशन

गार्ड ऑफ ऑनर में 7 स्वर्ण, पायलटिंग में 4 स्वर्ण, एंकरिंग में 2 स्वर्ण (सीनियर अंडर ऑफिसर लव्निका त्यागी एवं कैडेट भूमिका शर्मा), रेस में 1 स्वर्ण (कैडेट सवित्री), आईटी विभाग में 5 स्वर्ण, कैंप सीनियर में 1 स्वर्ण (कैडेट वंदिता), कंपनी सीनियर में 1 स्वर्ण (अंडर ऑफिसर रिशिका), पोस्टर मेकिंग में 1 स्वर्ण (कैडेट मिन्नी चौहान), आरडीसी प्रतिनिधित्व हेतु विशेष प्रशंसा के लिए 1 स्वर्ण, फायरिंग प्रतियोगिता में 1 रजत (कैडेट दिया यादव), वाद-विवाद में 1 कांस्य (सीनियर अंडर ऑफिसर लव्निका त्यागी), रस्साकशी में 5 कांस्य, खो-खो में 7 कांस्य तथा सजावट समिति में 5 स्वर्ण पदक। प्रो. प्रदीप के. अहलावत ने कहा कि हमारे एनसीसी कैडेट्स राष्ट्र निर्माण के सच्चे वाहक हैं। उनका अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। एनसीसी केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि यह युवाओं में जिम्मेदारी, देशभक्ति और संवेदनशीलता का विकास करने वाली संस्था है। उन्होंने दीपावली के शुभ अवसर पर सभी को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए स्वच्छ, हरित और शांतिपूर्ण दीपावली मनाने का आह्वान किया, जिससे पर्यावरण सुरक्षित रहे और सभी के जीवन में खुशियां आएं। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर प्रोफेशनल एंड एप्लाइड स्टडीज (एमडीयू-सीपीएएस), सेक्टर-40, गुरुग्राम में एनसीसी कैडेट्स के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

### भैणीसुरजन में शराब ठेके के सेल्समैन पर फायरिंग, भर्ती

**महम।** गांव भैणीसुरजन में बुधवार शाम को करीब 8 बजे शराब ठेके पर काम करने वाले सेल्समैन पर फायरिंग की गई। इस गंभीर घटना में सेल्समैन मनोज कुमार पुत्र जगबीर सिंह पिंडारा जींद का निवासी है। उसे उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही महम थाना प्रभारी सुभाष पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और साक्ष्य जुटाने के साथ ही मामले की गहन जांच शुरू की। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, घायल सेल्समैन को दो गोलियां लगीं। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार रोहतक निवासी भूप सिंह और भैणीसुरजन गांव निवासी मनीष पहले शराब ठेके में साझेदारी कर रहे थे। हालांकि, कुछ समय पहले भूप सिंह ने मनीष को हिस्सेदारी से बाहर निकाल दिया।

## राज्य स्तरीय विद्यालय वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता का शानदार आयोजन

# वेटलिफ्टिंग में दिखा युवाओं का जोश रोहतक में गूंजा हुनर व ताकत का जज्बा

» आज प्रतियोगिताएं अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल में होंगी
» योग और कैरम खेल में भी विद्यार्थी दिखाएंगे प्रतिभा

प्रतियोगिता (बालक वर्ग) का आयोजन बुधवार प्रातः 9:00 बजे रोहतक स्थित जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बहुउद्देशीय हॉल में जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने शुभारंभ किया, उन्होंने बेहतर प्रदर्शन करने वाले वेट लिफ्टरों का हौसला बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरियाणा विद्यालय शिक्षा विभाग, पंचकूला के तत्वावधान में आयोजित 58वीं राज्य स्तरीय विद्यालय वेटलिफ्टिंग (भारोत्तोलन) प्रतियोगिता (बालक वर्ग) का आज प्रातः 9:00 बजे रोहतक स्थित जाट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की बहुउद्देशीय हॉल में जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह, प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा (डीपीसी), तथा जिला सहायक शिक्षा अधिकारी (खेल) संजय मलिक मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी जिलों से आए टीम इंचार्ज और ऑफिशियल्स ने भी भाग लिया। मुख्य अतिथि मनजीत मलिक ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करते हैं। हार और जीत दोनों ही सफलता की सीढ़ियां हैं। इसलिए हर खिलाड़ी को खेल भावना से भाग लेना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि हरियाणा खेलों के क्षेत्र में सदैव अग्रणी राज्य रहा है और ऐसी प्रतियोगिताएँ खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने की प्रेरणा देती हैं।



रोहतक। वेटलिफ्टिंग में शानदार प्रदर्शन करने विद्यार्थी, आयोजक और अतिथि। फोटो : हरिभूमि

**परिणाम**

■ अंडर–19 वर्ग में 60 किग्रा भार वर्ग में रितिक यादव (रोहतक) प्रथम, दक्ष (यमुनानगर) द्वितीय व निखिल (अंबाला) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया

**खेलों के बारे में दी जानकारी**

जिला सहायक शिक्षा अधिकारी खेल संजय मलिक ने बताया कि अंडर–19 वर्ग (लड़के) में 60 किलोग्राम भार वर्ग में रितिक याद्‌व (रोहतक)प्रथम, दक्ष (यमुनानगर) द्वितीय व निखिल (अंबाला) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। मीडिया संयोजक एवं योगा एक्सपर्ट डॉ. जनक राज ने बताया कि कल (16 अक्टूबर 2025) सुबह 9:00 बजे से अडर–11 आयु वर्ग (लड़के व लड़कियां) की जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ भी अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल, रोहतक में किया जाएगा, जिसमें योग और कैरम खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### अंडर-17 और 19 वर्ग में 352 खिलाड़ी शामिल

प्रतियोगिता के नोडल अधिकारी बिजेंद्र हुड्डा ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि प्रतियोगिता पूर्ण पारदर्शिता के साथ आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के साथ किसी प्रकार का पक्षपात नहीं होने दिया जाएगा और सभी परिणाम पूर्ण निष्पक्षता एवं सटीकता के साथ तैयार किए जाएंगे। प्रतियोगिता के संचालन के लिए डायरेक्टर अरुण कुमार सांगवान को यह सुनिश्चित करने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं कि खिलाड़ियों की सुविधाओं और खेल भावना का पूरा ध्यान रखा जाए। प्रतियोगिता में अंडर–17 और अंडर–19 बालक वर्ग के कुल 352 खिलाड़ी अपनी ताकत और तकनीक का प्रदर्शन कर रहे हैं। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

## न्यूज डायरी



### स्वामी नितानंद स्कूल हुई खेल प्रतियोगिता

**रोहतक।** स्वामी नितानंद स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाल ही में आयोजित मिनी नेशनल हैंडबॉल टूर्नामेंट, स्कूल स्टेट हैंडबॉल प्रतियोगिता और बालकुमार नेशनल रैसलिंग टूर्नामेंट में विद्यालय के विद्यार्थियों ने पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और मेहनत का परिचय दिया।विद्यालय के छात्र रक्षित और अंश ने मिनी नेशनल हैंडबॉल टूर्नामेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इन विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन और खेलों के प्रति उत्साह ने उन्हें यह प्रतिष्ठित स्थान दिलाया। इसके अतिरिक्त, 58वीं स्कूल स्टेट हैंडबॉल प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं के छात्र विदित ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। हर्ष, ने इस प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर विद्यालय की प्रतिष्ठा में इजाफा किया। इन विद्यार्थियों ने अपनी कुशलता, लगन और खेल भावना के दम पर प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्रदेश स्तर पर विद्यालय का नाम ऊंचा किया।


रोहतक। पौधारोपण करते सेवा और समर्थन निस्वार्थ मंडल के सदस्य।

### सेवा और समर्थन निस्वार्थ मंडल किया पौधरोपण

**रोहतक।** सेवा और समर्थन निस्वार्थ मंडल द्वारा नहर किनारे त्रिवेणी पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मंडल के सभी सदस्य उत्साहपूर्वक शामिल हुए। मंडल पिछले तीन वर्षों से लगातार बेजुबान जानवरों की सेवा में लगा हुआ है। संगठन के सदस्य प्रतिदिन जरूरतमंद पशुओं को भोजन वितरण करते हैं और हर माह भंडारा आयोजित कर सेवा की परंपरा को निभा रहे हैं। मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि पौधारोपण का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाज में हरियाली और स्वच्छता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार मंडल बेजुब प्राणियों की सेवा में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है, उसी तरह प्रकृति की रक्षा भी हर नागरिक का कर्तव्य है। मंडल ने सभी से अपील की कि वे पौधे लगाकर और पशु-पक्षियों की सेवा कर समाज में सकारात्मक योगदान दें।



### उपकार स्कूल में सड़क सुरक्षा के नियम

**रोहतक।** सड़क सुरक्षा के महत्व को ध्यान में रखते हुए उपकार हाई स्कूल में आज छात्रों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क पर चलते समय सुरक्षित व्यवहार, यातायात नियमों का पालन और दुर्घटनाओं से बचाव के प्रति जागरूक करना था। स्कूल प्रशासन ने इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी और सचेत रहने की भावना विकसित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम में स्कूल एमडी श्री वैभव कायत ने छात्रों को सड़क सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को सड़क पार करने के सही तरीके, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने की आवश्यकता तथा सड़क संकेतों और चिह्नों के महत्व के बारे में समझाया। कायत ने छात्रों को यह भी समझाया कि हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग केवल कानूनी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि अपनी और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का महत्वपूर्ण तरीका है।



### जजपा का प्रदेश में नहीं बचा जनाधार : मंजीत कन्हेली

**रोहतक।** इनेलो प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने कहा कि पार्टी सुप्रीमों चौधरी अभय सिंह चौटाला उनके राजनीतिक गुरू है और प्रदेश में इनेलो की बढ़ती लोकप्रियता से कांग्रेस व भाजपा पूरी तरह से घबरा गई है। उन्होंने कहा कि अभी तो यह सिर्फ ट्रेलर है और पूरी फिल्म दिखाना अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने आने वाले समय में इनेलो की सरकार बनाने का पूरी तरह से मन बना लिया है। साथ ही उन्होंने जजपा नेता दिगविजय के बयान को लेकर भी प्रतिक्रिया दी और कहा कि जिनके घर शीशे के होते है, उनको दूसरो के घरो पर पत्थर नहीं उछालने चाहिए, जनता जनार्दन सबसे बड़ी ताकत है और जजपा का प्रदेश में कोई भी जनाधार नहीं बचा है। इनेलो सचिव मंजीत कन्हेली गांव खेड़ी साध में आयोजित कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने महिला कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

# पठानिया वर्ल्ड कैंपस में जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का शानदार समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पठानिया वर्ल्ड कैंपस के प्रांगण में दो दिवसीय जिला स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव का समापन धूमधाम से हुआ। इस महोत्सव का आयोजन जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी दिलजीत सिंह की अध्यक्षता में किया गया। डिप्टी डीईओ राजबाला तथा डाइट प्रवक्ता डॉ. सुनीता अहलावत नोडल अधिकारी एवं ओवरऑल इंचार्ज रहीं। कार्यक्रम के औपचारिक शुभारंभ के लिए सभी गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। पहले दिन कक्षा 5 से 8 के विद्यार्थियों ने अपने हुनर का प्रदर्शन किया, जबकि दूसरे दिन कक्षा 9 से 12 के प्रतिभागियों ने एकल व समूह नृत्य, रागिनी और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। जिले के विभिन्न राजकीय विद्यालयों से कुल 60 टीमों और 478 विद्यार्थियों ने उत्सव में भाग लिया। डाइट प्राचार्य वीरेंद्र मलिक ने अपने भाषण में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक महोत्सव छात्रों के जीवन में नई ऊर्जा और आत्मविश्वास का संचार करते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी मंजीत मलिक ने डायरेक्टर अंशुल पठानिया का आयोजन स्थल प्रदान करने और व्यवस्थाओं के लिए आभार जताया।




रोहतक। कार्यक्रम में मौजूद दर्शक व प्रस्तुति देती छात्रा।

### समाधि के पास मिली नवजात बालिका



**रोहतक।** यह बात सच है कि जिसका कोई नहीं होता, उसका सहायक भगवान होता है। राई क्षेत्र में एक नवजात बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति ने सफेद कपड़ों में लपेटकर एक समाधि के पास फेंक दिया। सुबह टहलने निकले एक सज्जन ने कुत्तों के झुंड को वहां इकट्ठा देखा और जैसे ही कुत्ते उस बालिका पर झपटने वाले थे, उन्होंने तत्परता दिखाते हुए उन्हें दूर भगाया और तुरंत 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्ची को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे नर्सरी में भर्ती कर उसकी देखरेख शुरू की गई। बाद में उसे चौधरी लखीराम आर्य विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी में भेज दिया।

**हवन में डाली अहुतियां**

# डीएलसी सुपवा में रोशनी, भक्ति और उल्लास से जगमगाया प्रकाशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

डीएलसी स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसी सुपवा) का परिसर बुधवार दिवाली पूर्व समारोह की प्रकाश, सद्भाव और सामूहिक आनंद की भावना से जीवंत हो उठा, जो इस त्योहार का प्रतीक है। यह छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को संस्कृति और एकजुटता के साझा उत्सव में एक साथ लाया। सुबह की शुरुआत कुलपति डॉ. अमित आर्य द्वारा गर्ल्स हॉस्टल में आयोजित हवन से हुई, जिसमें आने वाले वर्ष में समृद्धि, शांति और शैक्षणिक विकास के लिए ईश्वरीय आशीर्वाद की प्रार्थना की गई। समारोह में रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक, वरिष्ठ संकाय सदस्य, अधिकारी और छात्र उपस्थित रहे। इस पवित्र अनुष्ठान ने पूरे परिसर में पवित्रता और आध्यात्मिक शांति का वातावरण बनाया, जिसके बाद चीफ वार्डन डॉ. सीमा द्वारा आयोजित सामुदायिक भोज हुआ। कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा, हवन शुद्धिकरण का प्रतीक है न केवल हमारे आस-पास के वातावरण का, बल्कि हमारे विचारों और इरादों का भी।


रोहतक। हवन यज्ञ में आहुति डालते कुलपति डॉ. अमित आर्य व अन्य सटाफ।



### द आर्यन ग्लोबल स्कूल में हुई कैरम प्रतियोगिता

**रोहतक।** द आर्यन ग्लोबल स्कूल के प्रांगण में 15 अक्टूबर 2025 को स्कूल के विद्यार्थियों के बीच इंटर हाउस कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्कूल के चारों हाउस कारगिल हाउस, सारागढ़ी हाउस, डोगराई हाउस और हल्दीघाटी हाउस की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में एकाग्रता, धैर्य, संतुलन और खेल भावना को विकसित करना था। प्रतियोगिता में प्रत्येक हाउस की छात्राओं ने अपनी कौशल क्षमता, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और खेल की रणनीति का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रारंभिक दौर से ही मुकाबले रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक बने रहे। सभी प्रतिभागियों ने अपने हाउस का गौरव बढ़ाने के लिए पूरी लगन और उत्साह के साथ खेला। प्रतियोगिता में छात्राओं ने एक-दूसरे के खेल कौशल का सम्मान करते हुए निष्पक्ष और खेल भावना के अनुरूप प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरके. खन्ना ने प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता टीमों को शुभकामनाएँ दी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की।

### विद्या भारती स्कूल में स्वास्थ्य के प्रति किया जागरूक

**रोहतक।** संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, गोहाना रोड रोहतक में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, द्वारका, नई दिल्ली और लायंस क्लब रोहतक के सहयोग से एक विशेष स्वास्थ्य वार्ता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें संतुलित आहार तथा नियमित व्यायाम के महत्व से अवगत कराना था। इस अवसर पर लायंस क्लब के सचिव सुनील जैन एवं मेंबर बी.आर. मिढा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. अरिहंत जैन (मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, द्वारका) ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य, पोषण और जीवनशैली से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। मुख्य वक्ता डॉ. अरिहंत जैन ने स्वास्थ्य और आहार के वैज्ञानिक पहलुओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने बताया कि "शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए पौष्टिक आहार लेना उतना ही आवश्यक है जितना शिक्षा प्राप्त करना। लायंस क्लब रोहतक के सचिव सुनील जैन ने कहा कि लायंस क्लब समाज सेवा, स्वास्थ्य जागरूकता और शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा सक्रिय रहा है। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेन्द्र कुमार ने अपने प्रेरणादायक शब्दों में कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक उन्नति नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु स्वास्थ्य एवं अनुशासन की भावना को भी बढ़ावा देना है।


रोहतक। संरक्षित शिक्षा भारती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्वास्थ्य कार्यक्रम को संबोधित करते हेल्थ विशेषज्ञ।


**मानसरोवर हॉस्पिटल**
**REQUIRES**

❖ ICU Staff 6
❖ PRO/Marketing Executive 6
❖ Ward Boy 2
❖ Gate Keeper 2
❖ Computer Operator (Male) 2

नजदीक पी.एन.बी. बैंक, विकास नगर के सामने, सोनीपत रोड, रोहतक
Tel. :- +91-1262-253500 Mobile: 9254302848, 9053005599

## खबर संक्षेप




### दो मुकदमों की सुनवाई कर दो बंदी रिहा किए

**रोहतक।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन के मार्गदर्शन में तरन्नुम खान ने जिला जेल में जेल लोक अदालत का आयोजन किया। इस जेल लोक अदालत में दो मुकदमों की सुनवाई की गई, जिसमें दो बंदियों को रिहा किया गया। सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान ने कहा कि यह इस महीने की दूसरी जेल लोक अदालत थी। इसी के साथ उन्होंने स्थानीय अर्पण संस्था का दौरा किया और यहां रह रहे बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने संस्था में बच्चों को मिलने वाली सुविधाओं की जांच की तथा बच्चों के साथ दिवाली का पर्व मनाया। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाई गई मोमबत्ती व दीए खरीदें।

### अभिनव शिक्षा परिवर्तन कार्यक्रम शुरू

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला में शिक्षा की नई परिकल्पना के लिए अभिनव शिक्षा परिवर्तन कार्यक्रम शुरू किए है। इनमें मार्गदर्शन, हरित रोहतक अभियान, नन्ही छतरी अभियान, प्रेरणा मंच और स्कूल साथी भी शामिल है। शिक्षा को पाठ्यपुस्तकों से आगे बढक़र छात्रों को नवाचार करने, नेतृत्व करने और अपने समुदायों में योगदान देने के लिए सशक्त बनाना होगा। सचिन गुप्ता ने कहा है कि ये पहल रोहतक के स्कूलों को जीवंत, कौशल-समृद्ध और भविष्य के लिए तैयार बनाने के हमारे दृष्टिकोण को दर्शाती हैं।

प्रशासन आपके गांव प्रशासन की नई पहल शुरू

# धनतेरस और दीपावली पर रोहतक के बाजारों में सुरक्षा के कड़े इंतजाम

### त्योहार की खरीदारी में शहरवासी पूरी तरह व्यस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जैसे-जैसे धनतेरस और दीपावली का त्योहार नज़दीक आया, शहर के बाजार रंग-बिरंगे लाइटों और सजावट से जगमगा उठे हैं। दुकानदारों ने अपने स्टोर आकर्षक ढंग से सजाए और ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए विशेष ऑफर भी दिए। त्योहार की खरीदारी में शहरवासी पूरी तरह व्यस्त हैं। वहीं, त्योहारों की बढ़ती भीड़ और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ने शहर के प्रमुख बाजारों में सादी वर्दी में अतिरिक्त कर्मियों की तैनाती की है। पुलिस टीम बाजारों में पैदल और वाहनों के माध्यम से लगातार गश्त कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य चोरी, जेबकतरी और दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है। पुलिस ने दुकानदारों और ग्राहकों को भी सतर्क रहने की सलाह दी है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 या 100 नंबर पर देने के लिए कहा है।

*▶▶ अधिकारियों ने बताया कि उनका मुख्य उद्देश्य चोरी, जेबकतरी और दुर्घटनाओं पर रोक लगाना है। पुलिस ने दुकानदारों और ग्राहकों को भी सतर्क रहने की सलाह दी है और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत 112 या 100 नंबर पर देने के लिए कहा है।*





**रोहतक।** माल गोदाम रोड पर एक दुकान से सामान खरीदते। फोटो : हरिभूमि

#### सीसीटीवी व तकनीकी निगरानी

नगर निगम और पुलिस विभाग ने सभी प्रमुख बाजारों में सीसीटीवी कैमरे भी सक्रिय कर दिए हैं। ये कैमरे चौबीसों घंटे भीड़ और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखेंगे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज को आवश्यकता पड़ने पर जांच के लिए उपयोग किया जाएगा। इसके अलावा, यातायात पुलिस ने भी सड़कों पर रूट प्लान और ट्रैफिक नियंत्रण के इंतजाम किए हैं ताकि त्योहार के दौरान वाहनों और लोगों के बीच होने वाली असुविधा को कम किया जा सके।

#### बाजार में भीड़ और खरीदारी का उत्साह

शहर के पुराना बस स्टैंड, डी-पार्क, सिविल लाइन, चौक और मुख्य रोड पर भीड़ अधिक देखी गई। दुकानों पर खरीदारी के लिए लोग लंबी कतारों में खड़े दिखाई दिए। मिठाई की दुकानों पर नए स्वाद और पैकेजिंग के लिए ग्राहक उत्साहित दिखे, जबकि पटाखों की दुकानों पर बच्चों और युवाओं की भारी भीड़ रही। दुकानदारों ने बताया कि इस बार दीपावली के लिए बिक्री पहले की तुलना में अधिक है और बाजार में खरीदारी का उत्साह साफ देखा जा सकता है।

#### सुरक्षा उपायों के बारे में प्रशासन की जानकारी

एसपी ने बताया कि बाजारों में भीड़ और वाहनों की आवाजाही को देखते हुए अस्थाई बैरिकेडिंग और पार्किंग व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, दुकानदारों को भी सुरक्षा उपायों का पालन करने और दुकानों के बाहर असुरक्षित वस्तुएं न रखने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें, अपने मूल्यवान सामान की देखभाल करें और किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

#### त्योहार की खुशियों में सुरक्षा का संतुलन

त्योहार की खुशियों और खरीदारी की हलचल के बीच प्रशासन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों की सुरक्षा और सहजता बनाए रखना है। पुलिस अधिकारी और नगर निगम कर्मचारी लगातार बाजारों का निरीक्षण कर रहे हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि बाजार में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त गश्त और तकनीकी निगरानी जारी रहेगी।

#### नागरिकों से अपील, सुरक्षा नियमों का करें पालन

धनतेरस और दीपावली के त्योहार में खरीदारी का आनंद लेने आए नागरिकों को प्रशासन और पुलिस के कड़े सुरक्षा इंतजामों से सुरक्षा का भरोसा है। बाजारों में सीसीटीवी कैमरे, पुलिस गश्त, ट्रैफिक नियंत्रण और दुकानदारों की जागरूकता से यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि त्यौहार की खुशियों में कोई दुर्घटना या अव्यवस्था न आए। नागरिकों से अपील है कि वे सुरक्षा नियमों का पालन करें और अपने और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

निगम आयुक्त ने की अपील

# स्वच्छ दीपावली-स्वच्छ रोहतक अभियान शुरू

**शहर के प्रमुख बाजारों में विशेष सफाई टीमें तैनात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दीपावली पर्व को स्वच्छता और सुंदरता के साथ मनाने के उद्देश्य से नगर निगम रोहतक ने एक विशेष सफाई अभियान की शुरुआत की है। यह अभियान स्वच्छ दीपावली-स्वच्छ रोहतक के नाम से चलाया जा रहा है। अभियान का मकसद है कि दीपावली के दौरान शहर के प्रमुख बाजारों में नागरिकों, खरीदारों और व्यापारियों को स्वच्छ, सुंदर और कचरा-मुक्त वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने बताया कि दीपावली के समय बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए सफाई व्यवस्था को और अधिक प्रभावी व सुदृढ़ बनाया गया है। निगम की ओर से किला रोड, रेलवे रोड, शोरी मार्केट, डी-पार्क और गांधी कैम्प जैसे प्रमुख बाजारों में विशेष सफाई टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें सुबह, शाम और रात्रि के समय सक्रिय रहकर बाजार क्षेत्र को पूर्णत स्वच्छ रखने का कार्य करेंगी। उन्होंने बताया कि प्रदूषण रोकने के लिए बाजार क्षेत्रों व मुख्य मार्गों पर एंटी स्मॉग गन से पानी का छिड़काव भी करवाया जा रहा है, जिससे धूल-मिट्टी के कण न उड़ें और वायु प्रदूषण पर नियंत्रण रहे। प्रत्येक बाजार के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है, जो स्थल पर रहकर सफाई कार्य की निगरानी करेंगे। निगम की योजना के तहत बाजार क्षेत्रों में दिन में तीन बार (सुबह, शाम और रात्रि) कूड़ा उठाने की व्यवस्था की गई है। इसके लिए अतिरिक्त टिपर गाड़ियां और आवश्यक सफाई उपकरण लगाए गए हैं। बाजार और मुख्य सड़कों की सफाई प्रात कालीन समय में की जाएगी ताकि व्यापार शुरू होने से पहले ही बाजार पूरी तरह स्वच्छ और आकर्षक दिखे।

#### घरों को ही नहीं शहर को भी चमकदार बनाना

आयुक्त डॉ. आनंद शर्मा ने कहा कि स्वच्छ दीपावली का अर्थ केवल घर की सफाई नहीं



बल्कि पूरे शहर को भी चमकदार और कचरा-मुक्त बनाना है। उन्होंने नागरिकों, व्यापारियों और मार्केट एसोसिएशनों से अपील की कि वे निगम के इस प्रयास में भागीदार बनें। दुकानदार अपने प्रतिष्ठानों के बाहर डस्टबिन अवश्य रखें और कचरा सड़कों पर न फेंकें। उन्होंने कहा कि मिलजुलकर प्रयास करने से ही स्वच्छ, सुंदर और हरित रोहतक का लक्ष्य साकार हो सकेगा।



**रोहतक।** महाप्रबंधक के साथ मीटिंग करते हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# धरना टला, कर्मचारियों की कई मांगों पर बनी सहमति

**रोडवेज प्रबंधन और यूनियन में बनी नई समझ**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी तालमेल कमेटी द्वारा 16 अक्टूबर को प्रस्तावित धरना अब नहीं होगा। यह फैसला सोमवार को महाप्रबंधक और यूनियन प्रतिनिधियों के बीच हुई बैठक में कई अहम मांगों पर सहमति बनने के बाद लिया गया। बैठक में तालमेल कमेटी से जुड़े सभी यूनियनों के प्रधानों के साथ राज्य स्तर के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। बैठक में रात्रि बिलों के 1.41 करोड़ रुपये की राशि से एक सप्ताह में भुगतान करने का निर्णय हुआ। साथ ही परिचालकों के एसीपी मामले एओ या आरएसओ की नियुक्ति के बाद तुरंत लागू किए जाएंगे। किलोमीटर रोटेशन के विवाद को सुलझाने के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कार्य शाखा में चरणबद्ध बदलाव शुरू हो चुका है, दो कर्मचारियों को हटाया गया है।

मेडिकल बिलों का निपटारा भी तेजी से किया जा रहा है और किलोमीटर स्कीम बसों की खामियों पर कार्रवाई होगी। सिटी बस सेवा में परिचालक की सीट तय की गई है, जबकि प्राइवेट बसों को अब स्टैंड में 20 मिनट पहले प्रवेश की अनुमति मिलेगी। तालमेल कमेटी ने कहा कि यह उपलब्धि कर्मचारियों की एकजुटता का परिणाम है और संगठन आगे भी अधिकारों की रक्षा के लिए तत्पर रहेगा।



### पठानिया स्कूल में बच्चों के लिए क्रोकोडाइल सर्कल गतिविधि का आयोजन

**रोहतक।** पठानिया पब्लिक स्कूल बुधवार को कक्षा प्री-नर्सरी से सीनियर केजी तक के बच्चों के लिए विशेष क्रोकोडाइल सर्कल गतिविधि का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का उद्देश्य बच्चों में खेल-खेल में सीखने की क्षमता, रचनात्मकता, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और अक्षरों एवं शब्दों का ज्ञान विकसित करना था। गतिविधि में कक्षा अनुसार बच्चों को विभिन्न ज्ञान और कौशल प्रदान किए गए। प्री-नर्सरी के बच्चों ने रंगों और आकारों की पहचान की और विभिन्न वस्तुओं के आकारों को पहचाना। नर्सरी कक्षा के बच्चों ने स्वर ज्ञान और अल्फाबेट्स की जानकारी प्राप्त की और उन्हें पहचानने का अभ्यास किया। जूनियर केजी और सीनियर केजी कक्षा के बच्चों ने अक्षरों के मेल से बनने वाले शब्दों का ज्ञान खेल-खेल में प्राप्त किया, जिससे उनकी स्मृति और शब्दों की पहचान में सुधार हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों में शब्दों की मात्राओं का ज्ञान, स्मृति और एकाग्रता शक्ति में सुधार, शब्दों के उच्चारण और पहचान में वृद्धि, रचनात्मकता और कल्पनाशीलता में सुधार होता है। उन्होंने कहा कि खेल आधारित शिक्षा बच्चों को सीखने में अधिक रुचि देती है और उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती है। इस गतिविधि का आयोजन मिस मोनिका राजपूत, वीना सहगल, ऋतु, हरलीन, नीरज, एकता एवं सुचिता की देखरेख में किया गया। शिक्षकों ने बच्चों को गतिविधि के उद्देश्य और महत्व के बारे में समझाया तथा उन्हें उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में स्कूल निदेशक अंशुल पठानिया, स्कूल को-फाउंडर वर्षा पठानिया, प्रधानाचार्या तन्वी पठानिया, उप-प्रधानाचार्या प्रीति ढांडा और हैड मिस्ट्रेस सुमन राठी उपस्थित रहे।

# इंडस स्कूल में हुई अंतरसदनीय हिंदी वक्तृत्व प्रतियोगिता

**सभी छात्रों ने अपने-अपने सदन को विजयी बनाने के लिए भरसक प्रयास किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

इंडस पब्लिक स्कूल में बुधवार को हिंदी वक्तृत्व अंतर सदनीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के चारों सदनों ब्यास, झेलम, रावी और सतलुज के कक्षा तीसरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कक्षा तीसरी व चार ने देशभक्ति की कविताएं, कक्षा पाचवीं के लिए प्रकृति पर कविता, कक्षा छठी के लिए हास्य कविता, कक्षा सातवीं ने हास्य संवाद प्रस्तुति, कक्षा आठवीं वीर रस भाषण, कक्षा नौवीं के छात्रों ने राजनेताओं व महापुरूषों के भाषणों को उसी शैली में प्रस्तुत किया। कक्षा दसवीं अविस्मरणीय कविता व कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों के लिए वाद-विवाद भाषण प्रस्तुति विषय रहे सभी छात्रों ने अपने-अपने सदन को विजयी बनाने के लिए भरसक प्रयास किया व एक से बढ़कर प्रस्तुति दी।






#### वाद-विवाद में ब्यास सदन प्रथम

झेलम सदन प्रथम स्थान पर, रावी सदन द्वितीय स्थान पर, सतलुज सदन तृतीय स्थान पर व ब्यास सदन चतुर्थ स्थान पर रहे। वाद-विवाद में ब्यास सदन प्रथम, रावी, झेलम द्वितीय व सतलुज सदन तृतीय स्थान पर रहा। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों को हिंदी भाषा और संवाद कौशल में निपुण बनाना है यह छात्रों को अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास बढ़ाने का एक मंच प्रदान करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना की उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता केवल भाष नहीं, बल्कि भाषा संस्कृति और आत्म-विश्वास की जीवंत झलक है। सभी विद्यार्थियों की वाणी-कला वास्तव में प्रेरणादायी रही।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

# एमडीयू एम्पलाइज की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का भव्य समापन



**रोहतक।** मुख्यअतिथि रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत को सम्मानित करते गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल मल्होत्रा, पूर्व प्रधान कुलवंत मलिक, पूर्व प्रधान राज कुमार शर्मा व अन्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने किया पुरस्कार वितरण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिक खेल प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आज गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार कृष्ण कांत गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका मनोबल बढ़ाया। रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि जीवन में अनुशासन, धैर्य और नेतृत्व जैसी मूल्यवान क्षमताओं का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे खेलों को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं और विश्वविद्यालय का नाम राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन करें। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के गैर शिक्षक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल मल्होत्रा ने रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत का स्वागत किया और आभार जताया। पूर्व प्रधान कुलवंत मलिक, पूर्व प्रधान राज कुमार शर्मा, तथा संयुक्त सचिव दीपक सैनी सहित सभी कर्मचारी साथी, खेल अधिकारी, प्रशिक्षकगण और छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और आयोजकों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेलों में विजयी प्रतिभागियों को रजिस्ट्रार डॉ. कृष्णकांत ने सम्मानित किया। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

### नपा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**महम।** नगर पालिका कर्मचारी संघ की स्थानीय इकाई ने आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार की मौत को संस्थागत हत्या बताया है। नगर पालिका कर्मचारियों ने निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर एसडीएम मुकुंद तंवर को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने इस दौरान सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी। नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका कर्मचारी एसडीएम कार्यालय पहुंचे। मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कर्मचारियों ने कहा कि ऑल सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति हरियाणा के सभी संगठन आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार की दुखद मौत पर गहरा दुख प्रकट करते हैं। उनकी मौत ने बार फिर हमारे संस्थानों के भीतर जाति आधारित भेदभाव को निरंतर और प्रणालीगत प्रकृति को उजागर कर दिया है। आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार के अंतिम नोट व सभी रिपोर्ट जातिगत पूर्वाग्रहों में निहित उत्पीड़न, अपमान और भेदभाव के पैटर्न की ओर इशारा करती हैं। सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायधीश वी आर गवई पर जूता फेंका गया।

- **आईपीएस अधिकारी वाई पूर्ण कुमार की मौत को संस्थागत हत्या बताया**



**महम।** एसडीएम मुकुंद तंवर को ज्ञापन सौंपते नगर पालिका कर्मचारी।

# निगम क्षेत्र में घर-घर कूड़ा उठाने के लिए आरएफआईडी टैग लगाने की प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

शहर की सफाई व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा घर-घर से कूड़ा उठान प्रणाली मे आरएफआईडी तकनीक लागू की जा रही है। जिसके तहत एजेंसी द्वारा प्रत्येक वार्ड में, प्रत्येक घर पर आरएफआईडी टैग लगाए जाएंगे। इस कार्य के सुचारू संचालन के लिए नगर निगम की सफाई शाखा के अधिकारियो कर्मचारियो को भी आदेश जारी किए जा चुके है कि वे यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके सम्बन्धित वार्ड क्षेत्र में प्रत्येक घर पर आरएफआईडी टैग लगाया जाए। जब एजेंसी की गाड़ी किसी घर से कूड़ा उठाएगी, तो उस घर पर लगा आरएफआईडी टैग स्कैन किया जाएगा। स्कैनिंग के बाद संबंधित जानकारी एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर स्वत दर्ज हो जाएगी। इस तकनीक के माध्यम से यह आसानी से ज्ञात किया जा सकेगा कि किस घर से कूड़ा उठाया गया है और किन घरों से नहीं। ऐसा होने से कूड़ा संग्रहण व्यवस्था में पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही एवं निगरानी की सटीकता सुनिश्चित होगी।

- **स्कैनिंग के बाद संबंधित जानकारी एसडब्ल्यूएम पोर्टल पर स्वत दर्ज हो जाएगी**



#### सफाई एवं कूड़ा उठान की वास्तविक स्थिति का लगेगा पता

नगर निगम को दैनिक आधार पर यह जानकारी प्राप्त होगी कि प्रत्येक वार्ड में सफाई एवं कूड़ा उठान की वास्तविक स्थिति क्या है। निगम का उद्देश्य शहर की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह तकनीकी व परिणाम आधारित बनाना है। आरएफआईडी टैगिंग प्रणाली से नागरिकों को यह भरोसा रहेगा कि उनके घर से नियमित रूप से कूड़ा उठाया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों को भी क्षेत्रवार स्थिति की रियल टाइम जानकारी प्राप्त होगी। सभी वार्डों में आरएफआईडी टैग लगाने का कार्य जल्द ही पूर्ण किया जाएगा, जिसके उपरांत इस प्रणाली के माध्यम से एसडब्ल्यूएम पोर्टल मानिटरिंग एवं रिपोर्टिंग कार्य आरंभ हो जाएगा। निगम रोहतक ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने घरों पर आरएफआईडी टैग लगाने में पूर्ण सहयोग दें तथा रोहतक शहर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में सहभागी बनें।